हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 28 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 39.1 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

12 पूर्व मंत्री बोले, विरोधियों को विकास से हो रही तकलीफ



12 दूसरों का जीवन बचाने के लिए करें रक्तदान



## खबर संक्षेप

### लिव इन में रहने वाली महिला का शव बरामद

**पानीपत।** पानीपत की गंगाराम कॉलोनी में एक महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई। खून से लपथपथ 35 वर्षीय महिला का शव कमरे में पड़ा मिला। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतका ऊषा गंगाराम कॉलोनीकी रहने वाली थी। उसके पति की पहले ही मौत हो चुकी थी। पति के निधन के बाद वह एक युवक के साथ लिव इन रिलेशन में रह रही थी। पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच आपसी विवाद चल रहा था। हत्या के बाद से आरोपी युवक मौके से फरार है। पड़ोसियों ने जब ऊषा के कमरे का दरवाजा खुला और खून फैला पाया, तो तुरंत पुलिस को फोन कर सूचना दी।

### आपसी मामले में किया हवाई फायर, केस दर्ज

**पिहोवा।** गांव भौर सैयदा में पुराने लेनदेन के मामले में एक पक्ष ने डेरा के बाहर हवाई फायर कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। डीएसपी पिहोवा निर्मल सिंह ने बताया कि 26 जून शाम को पुलिस को सूचना मिली कि गांव भौर सैयदा में सड़क पर हवाई फायर किया गया है। गुरमंतर सिंह ने बताया कि वह गांव भौर सैयदा में चीमा फार्म में रहता है। 26 जून की रात्रि को मोटर साईकिल पर तीन लड़के आए उसके डेरा पर आए और उसके डेरा के बाहर हवाई फायर करके भाग गए।

### स्कूटर बेचने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना किला पुलिस ने स्कूटर बेचने के नाम पर भारत नगर बबैल रोड निवासी युवक से 72 हजार रूपए की ठगी करने के आरोपी को वीरवार शाम को वार्ड 11 चुंगी से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रानी मोहल्ला निवासी हर्षित के रूप में हुई है। प्रभारी सब इंस्पेक्टर श्रीनिवास ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी हर्षित को आज न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने के साथ ही ठगी गई नगदी बरामद करने का प्रयास करेंगी।

### एसडीएम ने किया बाल आश्रम का निरीक्षण



**नारायणगढ़।** एसडीएम शिवजीत भारती के नेतृत्व में शुक्रवार को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत गठित जिला स्तरीय टीम द्वारा वात्सल्य किशोरी कुंज तथा राधा कृष्ण बाल आश्रम का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। टीम ने दोनों आश्रमों में बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। टीम के सदस्यों ने बच्चों से बातचीत कर उनकी जरूरतों और समस्याओं को भी जाना।

---

निजी भवन में संचालित हो रहा बराड़ा का कृषि कार्यालय

## हर साल बरसाती सीजन में पानी में डूब जाता है कृषि कार्यालय

### एसडीएम ऑफिस में कार्यालय शिफ्ट करने की मांग

- किसान बोले जलभराव की वजह से आती हैं दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** कृषि कार्यालय के सामने खड़ा वर्षा का पानी।

कृषि कार्यालय अब भी एक निजी भवन में संचालित हो रहा है जबकि एसडीएम कार्यालय के नए परिसर में सभी सरकारी विभागों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त कार्यालय कक्ष उपलब्ध हैं। इस मुद्दे को लेकर किसानों में गहरा रोष है।

हर वर्ष बारिश के मौसम में कृषि कार्यालय में जलभराव होता है। इससे विभागीय कार्य भी प्रभावित होते हैं। गौरतलब है कि एसडीएम कार्यालय का नया भवन 6 सितंबर 2018 को उद्घाटन के बाद कार्यरत हो चुका है। अधिकांश विभाग इस परिसर में पहले ही स्थानांतरित हो चुके हैं लेकिन खंड कृषि कार्यालय अभी तक पुराने निजी भवन में ही चल रहा है। किसान निर्मल सिंह, मायाराम, तेजेंद्र सिंह ने बताया कि बरसाती सीजन में कार्यालय परिसर पानी में डूब जाता है। इस कारण से किसान बीज वितरण, अनुदान, तकनीकी जानकारी और योजनाओं का लाभ लेने में असमर्थ हो जाते हैं। हर साल यही समस्या दोहराई जाती है लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस समाधान अब तक नहीं किया गया है। यहां तक कि कार्यालय में रखी विभाग की फ़ाइलें भी कई बार पानी में डूब चुकी हैं। बावजूद इसके कृषि विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। किसान नेताओं का कहना है कि बरसात के मौसम को देखते हुए प्रशासन को तत्काल निर्णय लेकर कृषि कार्यालय को नए भवन में स्थानांतरित करना चाहिए। इससे न केवल किसानों को राहत मिलेगी। सूत्रों की मानें तो एसडीएम कार्यालय के नए भवन में खंड कृषि कार्यालय के लिए दो कमरे पहले ही आवंटित किए जा चुके हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व वहां कमरों की सफाई आदि कर कार्यालय स्थानांतरण की तैयारियां भी कर ली गई थीं लेकिन इसके बावजूद कार्यालय को अब तक शिफ्ट नहीं किया। अधिकारियों का कहना है कि अगर कार्यालय को एसडीएम परिसर में स्थानांतरित किया जाए तो न केवल किसानों को बेहतर सुविधा मिल पाएगी, बल्कि विभागीय कामकाज भी अधिक सुचारु रूप से चलेगा।

**नए भवन में स्थानांतरित करवाएंगे**

सरकारी विभागों को एक ही छत के नीचे लाने के उद्देश्य से ही इस भवन का निर्माण किया गया है ताकि लोगों को अपने दैनिक कार्यों के लिए इधर उधर न भटकना पड़े। अगर खंड कृषि कार्यालय अभी भी किसी निजी भवन में चल रहा है, तो वह अधिकारियों से बात कर इसे भी नए भवन में स्थानांतरित करवाएंगे।
- **शाश्वत सांगवान**, एसडीएम, बराड़ा।

**विवाद जल्द हो जाएगा खत्म**

कृषि कार्यालय किराए के भवन में चल रहा है। इस को शिफ़्ट करने के लिए एसडीएम कार्यालय के नए भवन में दो कमरे एलाट भी करवा लिए थे, लेकिन इस निजी भवन का किराये का इश्यू है। अब किराया के लिए सभी दस्तावेज़ पूरे कर विभाग को भेज दिए हैं। उम्मीद है कि अगले दो-तीन महीनों में विवाद खत्म हो जाएगा।
- **रविकांत**, बीएओ, बराड़ा।

---

महिला का पर्स छीनकर भागा युवक काबू

## लोगों ने झपटमार का मुंह काला कर घुमाया

- पुलिस के हवाले करने के बाद नहीं दी शिकायत, पुलिस आरोपी से कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** पकड़े गए युवक की मुंह पर पोती गई कालिख।

लोगों ने एक झपटमार का मुंह काला कर उसे पूरे बाजार में घुमाया। इसके बाद युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी ने भी कोई शिकायत नहीं दी है। अंबाला शहर के जंडली इलाके के माता रानी चौक के पास एक बुजुर्ग महिला का पर्स झपटने वाले युवक को स्थानीय लोगों ने काबू कर लिया। जिसके बाद युवक को पूरे बाजार में मुंह काला कर घुमाया।

बता दें कि एक महिला कल दोपहर अपने निजी काम से कहीं जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार झपटमार आया और महिला का पर्स खींच कर ले गया। जिसपर महिला ने भी काफी दूर तक उसका पीछा किया लेकिन, तब तक युवक उसकी पहुंच से बाहर चला गया। युवक कल पर्स छीनते समय वह एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। महिला ने आसपास के लोगों को घटना के बारे में बताया तो उन्होंने सीसीटीवी देखा। सीसीटीवी में युवक को पहचान लिया गया। जिसके बाद उसे शुक्रवार दोपहर में भी युवक जंडली के पास देखा गया। आसपास के युवकों द्वारा युवक को पकड़ लिया गया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, कल एक झपटमारी की घटना हुई थी। उसमें शामिल युवक को आज क्षेत्रीय लोगों ने पकड़ लिया। साथ ही युवक का मुंह काला कर उसे आसपास के इलाके में घुमाया गया। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को भी दी गई। इसपर मौके पर पुलिस टीम पहुंची और आरोपी को सेक्टर 9 के थाने ले आई। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

---

## जेसीबी चोरी करने के दो आरोपी किए गिरफ्तार, जेसीबी बरामद

- दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** बरामद जेसीबी व चोरी के आरोपियों के साथ पुलिस टीम ।

ब्राहमणवास गांव में घर के बाहर खड़ी जेसीबी चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने वारदात के महज 12 घंटे के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान जीन्द जिला के रोहड़ गांव निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी व पाजू खुर्द गांव निवासी सोनू उर्फ लट्टू के रूप में हुई है। आरोपियों को जीन्द जिले के रोहड़ गांव के पास से गिरफ्तार किया है।

आठ मरला चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोबिन ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर जेसीबी चोरी करने बारे स्वीकारा है। वारदात में शामिल फरार उनका साथी आरोपी जेसीबी पर ड्राइवर तैनात है। साथी आरोपी ने उन दोनों से साथ मिलकर शार्टकट तरीके से पैसे कमाने की साजिश रची और तीनों ने जेसीबी चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने ब्राहमणवास गांव जेसीबी चोरी कर रोहड गांव में प्लाट में छुपाकर खड़ी कर दी थी। पुलिस ने उनके कब्जे से जेसीबी व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

---

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**कुरुक्षेत्र।** थाना सदर के अंतर्गत गांव बिहोली में शुक्रवार को एक विवाहित महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। महिला के मायके वालों का आरोप है कि उनकी बेटी को परेशान किया जा रहा था। जिसके चलते उनकी बेटी ने आत्महत्या की है। मृतक महिला के पिता ब्रह्मचंद की शिकायत पर जेठ जेठानी, चाचा ससुर, बहनोई व ननद सहित पांच के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

करनाल के गांव भैणी कलां के ब्रह्मचंद ने थाना सदर में शिकायत दी है कि उसने अपनी बेटी निशा की शादी गांव बिहोली के बीरु के साथ की थी। उसकी बेटी निशा व दामाद बीरू का जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद था। उस पर समझौते के तहत दीवार बना दी थी, लेकिन आरोपियों ने उस दीवार को गिरा दिया। जब उसकी बेटी निशा और दामाद बीरु ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। इस घटना से परेशान उसकी बेटी निशा ने घर में फांसी लेकर जान दे दी।

---

## प्रसुति विभाग में नहीं पर्याप्त चिकित्सक जांच के दौरान मरीजों ने उठाई समस्या

- पूर्व विधायक ने नागरिक अस्पताल में व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- चिकित्सा अधिकारी को सभी व्यवस्थाएं करवाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** स्टाफ से बातचीत करते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने शुक्रवर को नागरिक अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों और रोगियों से बातचीत की। रोगियों और उनके तीमारदारों ने पूर्व विधायक के समक्ष प्रसुति विभाग (गाइनी विभाग) में डॉक्टरों की उपलब्धता संबंधी समस्या उठाई।

उन्होंने आग्रह किया कि डॉक्टरों की प्रसुति विभाग में रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाई जाए ताकि जांच के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। सैनी ने एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार से चर्चा की और कहा कि अस्पताल में उपलब्ध डॉक्टरों और स्टाफ की रोटेशन वाइज ड्यूटी सुनिश्चित की जाए ताकि मरीजों को बेहतर और समय पर सेवाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ई-उपचार योजना भी लागू की गई है। प्रदेश में निरोगी हरियाणा योजना चलाई जा रही है।

प्रदेश में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं में गंभीर एनीमिया के इलाज के लिए निशुल्क इंजेक्शन आयरन सुक्रोज की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा आयुष्मान भारत तथा चिरायु योजना के माध्यम से भी प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत और लाभ मिला है। नागरिक अस्पताल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 50 से 100 बेड का विस्तार किया गया है जिसका भवन लगभग तैयार हो चुका है।

---

### कुवि ने घोषित किए 21 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 21 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसंबर 2024 में आयोजित एम.एस.सी. (गणित) तीसरा सेमेस्टर (सीबीसीएस) (फ्रेश/री-अपीयर), बी.एस.सी. मेजर फोरेंसिक के साथ तीसरा सेमेस्टर, एम.एस.सी. बायो-टेक पहला सेमेस्टर, बी.एस.सी. (प्रिंटिंग और पैकेजिंग तकनीक) एनईपी पहला सेमेस्टर तथा बी.एस.सी. (मल्टीमीडिया) तीसरा सेमेस्टर एनईपी (फ्रेश/री-अपीयर), बीपीएड तृतीय सेमेस्टर (आईयूएमएस) (फ्रेश/री-अपीयर), एम.ए. (ललित कला) प्रथम सेमेस्टर आईयूएमएस (फ्रेश/री-अपीयर) तथा एमएफए तृतीय सेमेस्टर (फ्रेश/री-अपीयर) आईयूएमएस (फ्रेश/री-अपीयर) परीक्षाओं के परिणाम घोषित किया है। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मार्च 2025 में आयोजित एमसीए प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), एमबीए प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), एमएएमसी प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), एम.ए. (राजनीति विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), एम.ए. (अंग्रेजी) प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), डिप्लोमा इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मैकेनिकल लर्निंग ऑनलाइन (डीडीई), डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी ऑनलाइन (डीडीई), डिप्लोमा डेटा एनालिसिस ऑनलाइन (डीडीई), बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), बीबीए प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), बी.ए. प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई) तथा अप्रैल 2025 में आयोजित डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स पहला सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई) परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

---

## कनाडा भेजने के नाम पर युवक से हड़पे दो लाख

- दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव हडौली निवासी रूपेंद्र सिंह से उसके लड़के को कनाड़ा भेजने के नाम पर दो लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप सफायर ग्रुप मोहाली पंजाब निवासी अजय ठाकुर और नेहा पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव हड़ौली निवासी रूपेंद्र सिंह ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि मोहाली स्थित सफायर ग्रुप लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह और उसका लड़का जब सफायर गुरप कार्यालय में पहुंचे तो उसे वहां पर अजय ठाकुर और नेहा से मुलाकात हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजकर उन्हें वहां पर रोजगार दिलवाने का काम करते हैं। वह उसके लड़के को वर्क परमिट पर कनाड़ा भेज देगे। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपियों ने उसके लड़के से दो लाख रुपये व दस्तावेज ले लिए। बाकि पैसे कनाड़ा जाने के बाद देने तय हुए। आरोपियों ने उसके लड़के को जल्द कनाड़ा भेजने का आश्वासन दिया।

#### पैसे वापस देने से किया मना

काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे कनाड़ा नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

---

उत्तरप्रदेश के किसान के धान को देखने उमड़े स्थानीय आढ़ती

## समय से पहले रादौर मंडी में बिकने आया धान

- अनाजमंडी में आढ़तियों ने लड्डू बांटकर खुशी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर अनाजमंडी में बिकने को पहुंची धान की फसल देखते हुए आढ़ती और स्थानीय किसान।

जिले में किसान जहां धान की रोपाई करने में व्यस्त हैं, वहीं, यूपी का एक किसान शुक्रवार को अपनी धान की फसल को बेचने के लिए रादौर अनाज मंडी में पहुंच गया। अनाज मंडी में धान की फसल बिकने के लिए पहुंचने पर आढ़तियों ने लड्डू बांटकर खुशी जताई।

आढ़ती सुशील कुमार ने बताया कि शुक्रवार को अनाज मंडी रादौर में यूपी के नाकुड कस्बे से किसान अनाज मंडी में 1509 किस्म की धान की फसल को बेचने के लिए पहुंच गया। अनाज मंडी धान की फसल 2800 रूपये प्रति क्विंटल से बिकी। उन्होंने बताया कि आमतौर पर जून के अंत व जुलाई के पहले सप्ताह तक उत्तरप्रदेश से धान की फसल की आवक हर वर्ष आनी शुरू हो जाती है। आढ़ती ने बताया कि उत्तरप्रदेश में धान की अगेती फसल लगाने पर कोई रोक नहीं है। वहीं उत्तरप्रदेश में नुकुड, गंगोह व आसपास के क्षेत्र में बरसात के दिनों में यमुनानदी में बाढ़ आ जाती है। जिस कारण क्षेत्र के किसान गेहूं की कटाई कर अप्रैल के महीने में धान की रौपाई कर देते है। यह फसल जून के अंत या जुलाई के पहले सप्ताह तक मंडी में आ जाती है। नुकुड, गंगोह क्षेत्र के किसान धान की एक फसल कटने के बाद दूसरी फसल की रौपाई कर देते हैं। जो वर्ष में 2 बार धान की फसल तैयार करते है। रादौर अनाजमंडी में यूपी से लगभग 150 से अधिक किसान दशकों से अपनी धान व गेहूं की फसल बेचने पहुंचते है। जिन्हें मंडी में फसलों के अच्छे दाम मिलते हैं।

---

## घर में घुसकर बालिका से दुष्कर्म का प्रयास

- परिजनों को आता देखकर मौके से फरार हुआ आरोपी
- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जठलाना थाना क्षेत्र में एक युवक ने दोपहर को घर में घुसकर सात वर्षीय बच्ची के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। परिजनों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ 18 व छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जठलाना थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वीरवार दोपहर को वह किसी काम के लिए घर से बाहर गई थी। घर पर उसकी सात साल की बेटी अकेली ही थी।

जब वह वापस घर लौटी तो देखा कि उनके पड़ोस में रहने वाला इरफान उसकी लड़की के साथ गलत काम करने का प्रयास कर रहा है। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी मौके से फरार हो गया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ 18 व छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़

**यमुनानगर।** बूड़िया थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सलमान नामक युवक उसकी 15 वर्षीय लड़की को पिछले काफी दिन से परेशान कर रहा था। जब भी उसकी लड़की घर से बाहर जाती तो आरोपी युवक उसकी लड़की का पीछा करना शुरू कर देता था। उसकी लड़की ने कई बार आरोपी की इन हरकतों को नजर अंदाज किया लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। व्यक्ति ने बताया कि 24 जून को शाम छह बजे उसकी लड़की किसी काम से जा रही थी। आरोपी ने रास्ते में उसकी लड़की को रोककर उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। जब उसकी लड़की ने विरोध जताया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसकी लड़की ने घर आकर घटना के बारे में बताया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ 12 पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# जल्द पर्यटन हब के रूप में उभरकर सामने आएगा ट्विन सिटी

## सिटी विधायक व मेयर ने जम्मू कॉलोनी में 18.23 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्वागत द्वार का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

शहर की जम्मू कॉलोनी में 18 लाख 23 हजार की लागत से स्वागत द्वार का निर्माण होगा। शुक्रवार को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने स्वागत द्वारा का शिलान्यास किया। मौके पर मेयर सुमन बहमनी व संबंधित पार्षद भी मौजूद रहे। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने निगम अधिकारियों को विकास कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और नियमित समय पर विकास कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार बेहतर काम कर रही है। देश व प्रदेश में सड़कों के जाल बिछाए जा रहे हैं। नेशनल हाईवे बना कर प्रदेश वासियों की राह आसान बनाई जा रही है। शहरवासियों को जल्द पुराना हमीदा में हरा भरा व सुंदर पार्क और पश्चिमी यमुना नहर के साथ फतेहपुर पुल तक रिवर फ्रंट की सौगात मिलेगी। हमारा शहर जल्द पर्यटन हब के रूप में उभरकर सामने आएगा। जिससे शहर की तस्वीर व तकदीर भी बदलेगी।

- पीएम मोदी व सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में बेहतर काम कर रही सरकार।



यमुनानगर। जम्मू कॉलोनी में स्वागत द्वारा का शिलान्यास करते हुए सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर।

### जनहित की भावना अनुसार विकासः मेयर

नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम द्वारा जनहित को ध्यान में रखकर शहर में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य किए जा रहे हैं। सभी वार्डों में जनहित को ध्यान में रखकर विकास कराया जा रहा है। हर वार्ड में पक्की गलियों, अंडरग्राउंड नालियों, पार्कों के सौंदर्यीकरण, स्वागत द्वार, क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण व अन्य विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

नियमित हुई कॉलोनियों में भी मूलभूत सुविधाएं, गलियों, नालियों, सीवरेज,स्ट्रीट लाइट व अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। नए विकास कार्यों के लिए अभियंता शाखा को एस्टीमेट तैयार कर टेंडर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जिन कॉलोनियों में कच्ची व क्षतिग्रस्त गलियों की समस्या है उनके भी एस्टीमेट तैयार किए जा रहे हैं। हाल ही में नगर निगम द्वारा करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के टेंडर जारी किए हैं। नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्य जल्द होंगे।

*हर वार्ड में पक्की गलियों, अंडरग्राउंड नालियों, पार्कों का सौंदर्यीकरण, स्वागत द्वार, क्षतिग्रस्त सड़कें होंगी ठीक*

### शहर के विकास में सहयोग करें आमजन

नगर निगम की मेयर बहमनी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में विकास कार्य शुरू करवाए गए है। वहां की जनता इन कार्यों को करवाने में सहयोग करें। यदि कहीं पर भी गुणवत्ता से खिलवाड़ हो तो इसकी सूचना तुरंत उन्हें दें। विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर निगम अभियंता मृणाल जैयसवाल, गोपाल, क्षेत्रवासी व निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गांव जटहेड़ी में रात्रि ठहराव 30 जून को

**यमुनानगर।** जिला प्रशासन द्वारा हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 30 जून को गांव जटहेड़ी में सुबह दस बजे जन की सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शाम चार बजे रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उपायुक्त पार्थ गुप्ता लोगों की समस्याएं सुनेंगे। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने उक्त जानकारी दी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे। जिसके लिए निर्देश जारी किए गए हैं।

### आज बकाना में हमारा परिवार संस्था की बैठक

**रादौर।** हमारा परिवार संस्था की ओर से शनिवार 28 जून को सुबह 7 बजे गांव बकाना में संगठात्मक व विचारात्मक विषय पर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान संस्था के संस्थापक डॉ.सुरेंद्र कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मनोज बकाना, राजीव आर्य व रविकुमार ने बताया कि कार्यक्रम में संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की जाएगी। हमारा परिवार संस्था समाज कल्याण के कार्यों में बढ़ चढ़कर कार्य कर रही है।

### जेएमआईटी कॉलेज में दीक्षांत समारोह आज

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शनिवार को 23वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने बताया कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो.पवन कुमार शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे तथा विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। दीक्षांत समारोह को लेकर सभी तैयारियां जोरों से की जा रही हैं। विद्यार्थियों सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी देंगे।



निदेशक डॉ. एसके गर्ग।

### सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 31 जुलाई तक आवेदन

**यमुनानगर।** सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए आवेदन करने के लिए 31 जुलाई निर्धारित की गई है। डीसी पार्थ गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्मम पुरस्कारों पद्मम विभूषण, पद्मम भूषण व पद्ममश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## मेयर ने निगम कार्यालय में पार्षदों व अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# पानी निकासी के करें पर्याप्त प्रबंध किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं

*मेयर सुमन बहमनी ने बैठक में पार्षदों के साथ विभिन्न वार्डों में चल रहे व होने वाले विकास कार्यों पर भी किया मंथन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय में पार्षदों व अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए मेयर सुमन बहमनी।

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र में विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था व जलनिकासी को लेकर निगम कार्यालय में पार्षदों व अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुमन बहमनी ने की। बैठक में पार्षदों के साथ उनके वार्डों में निर्माणाधीन व होने वाले विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर मेयर ने अधिकारियों को वार्डों में जलभराव वाले स्थानों को चयनित कर निकासी के प्रबंध कराने के निर्देश दिए।

मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को कोई भी बिल संबंधित पार्षद की एनओसी के बिना पास नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों के टेंडर लगाने की जानकारी दें और काम पूरा होने पर पार्षद की एनओसी के बिना अदायगी न करें।

### बैठक में पार्षदों ने रखी सामने वार्डों की समस्याएं

उन्होंने बैठक में पार्षदों से उनके उनके वार्डों में चल रहे विकास कार्यों, लंबित पड़े कार्यों, होने वाले विकास कार्यों, जलभराव के समाधान, नालों की सफाई, पार्कों के सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था समेत विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में पार्षदों ने मेयर के समक्ष उनके पूरे वार्ड की सफाई न होने, क्षतिग्रस्त नालों, नालों की रिपेयर, जाल लगाने, स्लैब लगाने, नालों की पूरी तरह सफाई कराने, गलियों व नालियों के निर्माण समेत अन्य समस्याएं रखी। पार्षदों ने बताया कि उनके वार्ड में होने वाले विकास कार्यों की उन्हें सूचना नहीं दी जा रही है। न ही विकास कार्य के टेंडर की जानकारी दी जाती है और न ही वर्क अलॉट की जानकारी मिलती है। काम पूरा होने के बाद उनकी एनओसी के बिना ही एजेंसी के बिल की अदायगी कर दी जाती है। इस दौरान पार्षदों ने सुझाव दिया कि नालों की सफाई का टेंडर भविष्य में सफाई शाखा द्वारा ही लगवाया जाए। क्योंकि सफाई शाखा के अधिकारियों को नालों की पूरी जानकारी होती है। अभियंता शाखा द्वारा टेंडर में सभी नालों को शामिल नहीं किया गया। मेयर सुमन बहमनी ने पार्षदों की सभी समस्याओं के समाधान के लिए निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी हर वार्ड के विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था व जलनिकासी को गंभीरता से लें। कहीं भी जलभराव हो तो उसकी तुरंत निकासी कराएं। जलनिकासी के पर्याप्त प्रबंध करें। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मेयर ने स्पष्ट किया कि अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के चलते जनता को होने वाली किसी भी समस्या को भविष्य में सहन नहीं किया जाएगा तथा जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ निमयानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य आमजन मानस को बेहतर सुविधाएं देना है।

## सिख साम्राज्य के महान योद्धा थे महाराजा रणजीत सिंहः बालियान

- जाट छात्रसंघ व जाट सभा ने मनाई रणजीत सिंह की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

जाट छात्रसंघ व जाट सभा रादौर की ओर से शुक्रवार को महाराजा रणजीत सिंह की 187वीं पुण्यतिथि मनाई गई। छात्रसंघ के प्रधान साहिल सिंह बालियान व जाट सभा रादौर के प्रधान एडवोकेट सुरेश पाल बंचल आदि ने महाराजा रणजीत सिंह को नमन किया।

साहिल सिंह बालियान ने बताया कि महाराजा रणजीत सिंह एक महान योद्धा थे। जिनका साम्राज्य अफगानिस्तान में कंधार तक फैला हुआ था। उनके जीते जी अंग्रेज उनके साम्राज्य पर कब्जा नहीं कर पाए। उनकी वीरता का लोहा दूर-दूर तक माना जाता था। उन्होंने बताया कि महाराजा रणजीत सिंह सिख साम्राज्य के राजा थे। वह शेर-ए-पंजाब के नाम से प्रसिद्ध हैं। महाराजा रणजीत एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने न केवल पंजाब को एक सशक्त सूबे के रूप में एकजुट रखा बल्कि अपने जीते जी अंग्रेजों को अपने साम्राज्य के पास भी नहीं फटकने दिया। रणजीत सिंह का जन्म 1780 में गुजरांवाला अब पाकिस्तान संधावालिया जाट महाराजा महा सिंह के घर हुआ था। उन दिनों पंजाब पर सिखों और अफगानों का राज चलता था जिन्होंने पूरे इलाके को कई मिसलों में बांट रखा था। रणजीत के पिता महा सिंह सुकरचकिया मिसल के कमांडर थे। पश्चिमी पंजाब में स्थित इस इलाके का मुख्यालय गुजरांवाला में था। छोटी सी उम्र में चेचक की वजह से महाराजा रणजीत सिंह की एक आंख की रोशनी जाती रही। महज 12 वर्ष के थे, जब पिता चल बसे और राजपाट का सारा बोझ इन्हीं के कंधों पर आ गया। 12 अप्रैल 1801 को रणजीत ने महाराजा की उपाधि ग्रहण की। उन्होंने लाहौर को अपनी राजधानी बनाया और सन 1802 में अमृतसर की ओर रूख किया। उन्होंने अफगानों के खिलाफ कई लड़ाइयां लड़ीं और उन्हें पश्चिमी पंजाब की ओर खदेड़ दिया।

### वन विभाग की टीम ने दो खैर तस्कर पकड़े

**यमुनानगर।** वन विभाग की टीम ने रकबा कोट बसावा सिंह से हजारों रुपये की खैर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वन दरोगा मिंटू कुमार ने बताया कि वह वीरवार शाम टीम के साथ गश्त कर रहा था। इसी दौरान उसे जंगल से खैर तस्करी की जानकारी मिली। उसने गांव कोट बसावा सिंह के पास नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उन्हें गाड़ी में दो लोग आते दिखाई दिए। जब उन्होंने वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसमे से खैर के चार पीस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी खैर तस्करों की पहचान गांव कोट बसावा निवासी मनीष व कोट मुस्तरका निवासी पंकज के रूप में हुई। आरोपियों से बरामद खैर की कीमत करीब 30 हजार रुपये है।

## दुकान के गल्ले से 60 हजार की नकदी चोरी

- दिनदहाड़े चोरों ने जगाधरी में हनुमान के पास गोपाल नगर में दिया वारदात को अंजाम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

जगाधरी के हनुमान गेट स्थित बारदाने की दुकान के गल्ले से चोरों ने 60 हजार रुपये चोरी कर लिए। जब दुकान मालिक आया तो उसे गल्ला खुला मिला और अंदर से पैसे गायब थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव भटौली निवासी दुष्यंत रोहिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जगाधरी के हनुमान गेट स्थित गोपाल नगर में बारदाने की दुकान है। वह 24 जून को शाम चार बजे दुकान बंद करके किसी काम से बाहर गया था। आधे घंटे बाद जब वह वापस दुकान पर आया तो दुकान के गल्ले का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर से नकदी गायब थी।

पुलिस ने जांच करने पर दुकान के गल्ले से 60 हजार रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दे 59 हजार ठगे

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने कैंप निवासी राहुल कुमार से उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 59 हजार रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कैंप निवासी राहुल कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने लेन देन के लिए बैंक से क्रेडिट कार्ड लिया हुआ है। एक दिन उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का कॉल आया। आरोपी ने उसे कहा कि वह बैंक से बोल रहा है। आरोपी ने उसे क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के लिए कहा। आरोपी ने उसे क्रेडिट कार्ड पर लोन देने का भी झांसा दिया। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसे क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के लिए हां कर दी।

इसके बाद आरोपी ने उसे बातों में उलझा कर उससे क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर उसके अकाउंट से 59 हजार 922 रुपये निकाल लिए। जब उसके मोबाइल नंबर पर अकाउंट से पैसे निकलने का मैसेज आया तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला। उसने आरोपी के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया तो वह नहीं मिला। उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी

## चोरी की बाइक सहित आरोपी काबू

- दराजपुर का रहने वाला है आरोपी सचिन, पुलिस पूछताछ में जुटी।

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल ने एक युवक को गिरफ्तार कर उससे चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी से अन्य मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल के प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की बाइक के साथ गूगलों बस स्टैंड के पास घूम रहा है। सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही रणधीर सिंह, धर्मेंद्र, योगेश, रविंदर व नरेश के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को बाइक सहित काबू कर लिया। टीम ने आरोपी से मोटरसाइकिल के बारे में पूछताछ की तो उसने उसे चोरी की बताया। पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया। पूछताछ करने पर आरोपी की पहचान गांव दराजपुर निवासी सचिन के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरु कर दी।



### तीर्थ पार्क के पास से महिला का पर्स चोरी

**यमुनानगर।** सरोजनी कॉलोनी निवासी इंद्रजीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वीरवार शाम साढ़े चार बजे मॉडल टाउन स्थित राम तीर्थ पार्क के पास किसी काम से आई थी। इस दौरान अज्ञात ने उसका पर्स चोरी कर लिया। उसके पर्स में मोबाइल, पीएनबी बैंक की पासबुक व 150 रुपये थे। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## अपराधों के प्रति सजग रहें छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सेफ सिटी अभियान के तहत शुक्रवार को गुरु कृपा गुरु नानक लाइब्रेरी छछरौली में अवेयरनेस कार्यक्रम का हुआ। जिसमें एएसआई नीलम ने विद्यार्थियों को 112 एप्प, दुर्गा शक्ति एप, ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा,नशे से होने वाले नुकसान के बारे में और यातायात के नियमों के बारे में जागरुक किया गया। नियमों तथा साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

उन्होंने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के मार्ग दर्शन में जिले में महिलाओं को अपराधों तथा अपराधिक प्रवृत्ति के असामाजिक तत्वों के प्रति सजग जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान लगातार जारी है। छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध के प्रति सजग रहने तथा असामाजिक तत्वों की हरकतों का डटकर मुकाबला करने को प्रेरित किया। 112 एप्प व दुर्गा शक्ति एप्प के महत्व बारे में बताया। एएसआई नीलम ने कहा कि उक्त एप्प हर महिला के पास होनी चाहिए। वह किसी भी समय विकट परिस्थिति में पुलिस मदद ले सकती हैं। यदि महिला रात के समय कहीं से आ रही हो या जा रही हो वह अकेली होने पर किसी भी परिस्थिति में खुद को असुरक्षित महसूस न करें।



### महिलाओं की सुरक्षा के लिए तत्पर है पुलिस

एएसआई नीलम ने कहा कि जिला पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से तत्पर है। अभियान के तहत जगह.जगह कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों, महिला सुरक्षा तथा आत्मरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। स्कूल और कॉलेज के सुबह खुलने तथा छुट्टी होने के समय सुरक्षा की दृष्टि से पूरी सावधानी बरती जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि शिक्षण संस्थानों के आसपास घूमने वाले आवारा किस्म के लोगों के साथ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

## बिलासपुर के नियंत्रित क्षेत्र में अवैध कॉलोनी में की गई कार्रवाई

# अवैध निर्माणों पर चला डीटीपी का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा गांव भील छप्पर में पांच एकड़ में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में किए गए अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अनाधिकृत कॉलोनियों में अपनी मेहनत की कमाई को निवेश नहीं करने के लिए आहवान किया है।

नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि नियंत्रित क्षेत्र बिलासपुर में पड़ने वाले राजस्व सम्पदा मौजा भील छप्पर में में पांच एकड़ में एक अनाधिकृत कॉलोनी विकसित की जा रही है। इस बारे में उन्होंने उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। इसके बाद जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के सहयोग से ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किए गए नायब तहसीलदार बिलासपुर की मौजूदगी में अनाधिकृत कॉलोनी पर कार्रवाई की गई। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

उन्होंने बताया कि नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करने से पहले कॉलोनी विकसित कर रहे चूककर्ताओं को नियंत्रित क्षेत्र 41 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई और निर्माण कार्य कर दिया गया। जिसके बाद विभाग द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से अनाधिकृत कॉलोनी में बनाई गई सड़कें, नींवें व चारदिवारी समेत अन्य निर्माण कार्य को तोड़ दिया गया।



### अवैध कॉलोनियों न लगाएं अपनी कमाई

जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता व जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने आम जनता से अनुरोध किया है कि कोई व्यक्ति किसी अवैध कालोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। यदि फिर भी कोई व्यक्ति अवैध कालोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। जिला प्रशासन द्वारा उसके विरूद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### सिविल अस्पताल में किए डस्टबिन वितरित

**पिहोवा।** रोटरी क्लब पिहोवा द्वारा सिविल हॉस्पिटल पिहोवा में स्वच्छता के उद्देश्य से डस्टबिन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन एक सादे लेकिन प्रभावशाली समारोह के रूप में संपन्न हुआ, जिसमें अस्पताल स्टाफ और रोटरी क्लब के सदस्यगण शामिल हुए। इस अवसर पर सिविल अस्पताल की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. नमिता गुप्ता, डॉ. लिप्सी सिंगला, डॉ. नेहा, डॉ. साहिल, नर्सिंग ऑफिसर गुरदीप, वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर शकुंतला आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांग बच्चों के लिए चलाया जागरुकता अभियान

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा आशा स्कीम 2025 के विषय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि रिसोर्स पर्सन सविता राणा द्वारा गांव कनीपला में बाल विवाह विषय को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

### कुवि के 9 शोधार्थी पीएचडी की उपाधि के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 9 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में अंग्रेजी से देवी रानी, हिंदी से पूजा गुप्ता व मोनी, एजुकेशन से रविन्द्र सिंह, कैमिस्ट्री से कुलबीर कादयान, कम्प्यूटर साइंस से कार्तिका मक्कड़ व निधि, इलेक्ट्रानिक्स से मनीषा डागर तथा अर्थशास्त्र से टेक राम शामिल है।

### नंदाजी की जयंती पर कार्यक्रम को लेकर बैठक



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कमेटी रूम में 4 जुलाई को भारत रत्न श्री गुलजारी लाल नंदा जी की जयंती पर नंदा केंद्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल ने कहा कि भारत रत्न श्री गुलजारी लाल नंदा की जयंती हर वर्ष नंदा केद्र में बड़ी धूम धाम से मनाई जाती है। इस बार भी 4 जुलाई को प्रातः 8.00 बजे नंदा केन्द्र में उनकी जयंती पर हवन, पुष्पाजंलि, पौधारोपण, आरती स्थल पर भजन संध्या व सांय कालीन आरती का विशेष आयोजन कुवि तथा केडीबी के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा।

## राज्यमंत्री राजेश नागर ने 15 में से 13 शिकायतों का मौके पर समाधान

# जरूरतमंद के घर से अंधेरा दूर करने में मदद करना हमारा फर्ज : नागर

- सिक्योरिटी गार्ड को 18 हजार पर हस्ताक्षर करवाकर 10 हजार देने वाले की हो जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। शिकायतों का समाधान करते खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर।

हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने बुजुर्ग महिला को बिजली विभाग का जुर्माना भरने के लिए मौके पर ही अपनी जेब से नकद पैसे सौंपे और कहा कि किसी बुजुर्ग जरूरतमंद के घर में मात्र 7500 रुपए के कारण बिजली मीटर ना हो और उसके घर पर अंधेरा हो तो ऐसे नागरिक की मदद करना हर संपन्न व्यक्ति का फर्ज बनता है। भाजपा सरकार की नीति भी शुरू से ही अंत्योदय की रही है। राज्यमंत्री राजेश नागर ने बिजली विभाग को निर्देश दिए कि जितना जल्दी हो बुजुर्ग के घर पर बिजली मीटर लगाकर सप्लाई शुरू की जाए। राज्यमंत्री राजेश नागर शुक्रवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यमंत्री राजेश नागर ने समिति के एजेंडे में शामिल 15 में से 13 शिकायतों का मौके पर समाधान किया और 2 लंबित शिकायतों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए ताकि अगली बैठक में इन शिकायतों का भी समाधान संभव हो सके। राज्यमंत्री राजेश नागर ने गांव तंगोर निवासी ईश्वर पाल सिंह की शिकायत पर बिजली विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जब तक किसानों के बिजली कनेक्शन का लोड नहीं बढ़ जाता, तब तक उनसे मौजूद लोड के अनुसार बिजली बिल लिया जाए। अब तक जो अतिरिक्त पैसा लिया है उसको वापस किया जाए और उनके बिजली कनेक्शनों को लोड जल्द बढ़ाया जाए। गांव ईशाकपुर निवासी बंसीलाल व चंद्रभानपुरा निवासी रमेश कुमार ने हाउस के सामने शिकायत रखते हुए कहा कि जिमखाना क्लब में 18 साल से सिक्योरिटी गार्ड लगे हुए हैं। उनके 18 हजार रुपये पर हस्ताक्षर करवाकर 10 हजार रुपये महीना ही दिया जा रहा है। आवाज उठाने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। राज्यमंत्री ने सुनवाई के बाद जिमखाना क्लब के जीएम को निर्देश दिए कि इस मामले की जांच करके अब तक दिए गए कम पैसों को दिलवाया जाए और आगे की पूरी पेमेंट दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। राज्यमंत्री राजेश नागर ने गांव यारा निवासी केशव व उसके परिजनों की शिकायत को दोबारा सुना और इस शिकायत पर पुलिस प्रशासन की तरफ से भी एएसपी द्वारा अभी तक की गई कार्रवाई से सम्बन्धित तथ्यों के आधार पर पक्ष भी रखा। इसके बावजूद शिकायतकर्ता ने कार्रवाई करने की दोबारा सिफारिश की।

### गीता महोत्सव के दौरान फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को मिलेगी इनाम की शेष राशि

*जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में न्यू मिजापुर कालोनी निवासी एवं छात्र अनिल ने हाउस के समक्ष समस्या रखते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में केडीबी के माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने पवित्र ग्रंथ गीता को लेकर फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस आयोजन में प्रथम स्थान पर आने वाले को 1 लाख और द्वितीय को 51 हजार और तृतीय को 21 हजार रुपए की इनाम राशि देनी तय की थी। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर 3, द्वितीय पर 3 और तृतीय स्थान पर भी 3 प्रतिभागियों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया और इस पुरस्कार राशि को आपस में बांटने के आदेश दिए गए जोकि नियमानुसार गलत है। इस मामले में राज्यमंत्री राजेश नागर ने केडीबी के सीईओ को एक सप्ताह में विजेता प्रतिभागियों को इनाम की शेष राशि जारी करने के निर्देश दिए।*

### गलत एनडीसी देने वाले का पता लगाने के निर्देश

*राज्यमंत्री राजेश नागर ने गांव खरींडवा निवासी कृपाल सिंह की शिकायत में उपायुक्त को निर्देश दिए कि दूसरी एनडीसी जारी करने वाले अधिकारी कर्मचारी का पता लगाकर उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। राज्यमंत्री ने गांव अंटेहडी निवासी संतोष देवी की शिकायत पर एसडीएम को जांच करने के निर्देश दिए।*

राज्यमंत्री ने शिकायतकर्ता की दलील सुनने के बाद आदेश दिए कि इस मामले में बुआ को जांच में शामिल कर ज्वैलरी देने की अंडर टेकिंग ली जाए। सेक्टर 13 निवासी ज्ञान सागर, ग्राम पंचायत बारना के पंच सुभाष चंद्र, गांव बरगट निवासी गुरनाम सिंह, गांव उमरी निवासी अजमेर सिंह, गांव भुखडी निवासी रीटा रानी, गांधी नगर थानेसर निवासी सुमन देवी, गांव संतोखपुरा निवासी तरसेम सिंह आदि शिकायतों को सुना।

राज्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 15 में से 13 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, विधायक थानेसर अशोक अरोड़ा, विधायक शाहाबाद रामकरण, भाजपा के जिला अध्यक्ष सरदार तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, सहित अन्य अधिकारी और समिति के सदस्य मौजूद थे।

## समस्याओं के निवारण में अधिकारियों की लापरवाही नहीं होगी सहनः डीसी

*समाधान शिविरों में आई 5847 शिकायतों में से 4257 का निपटान*




कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करती उपायुक्त नेहा सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारी स्वयं समाधान करवाएं। कार्यालय का स्टाफ हमारे सहयोग के लिए है, अधिकारी पूरा कार्य उन पर ना छोडें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त संबंधित शिकायतों का निपटान वीरवार से पहले करना सुनिश्चित करे। उपायुक्त नेहा सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिला में आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में अब तक 5847 शिकायतें मिली हैं। इनमें से 4257 शिकायतों का निपटान कर दिया गया है, 118 शिकायतें पेंडिंग हैं। 1092 शिकायतों को रद्द किया गया और 117 शिकायतें रि-ओपन की गई हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं का समयबद्ध निपटाने सुनिश्चित करेंगे। किसी भी अधिकारी की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम अमन कुमार, नगराधीश डा. रमन गुप्ता, डीएसपी सुनील कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर, रोडवेज जीएम शेर सिंह, सिविल सर्जन डा. सुखबीर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### सुभाष सुधा के भतीजे के निधन पर जताया शोक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग राज्यमंत्री राजेश नागर, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, ब्रह्मद्ध स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के भतीजे सुधांशु सुधा के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। रियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने अपने शोक संदेश में कहा कि दिवंगत व्यक्ति का निधन परिवार ही नहीं बल्कि समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है और इसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की है।

## एम.ए. मनोविज्ञान की परीक्षा में 80 प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। परीक्षा देत परीक्षार्थी।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विभिन्न संस्थानों व विभागों में चल रहे पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए चल रही प्रवेश परीक्षा में शुक्रवार को भी विभिन्न कोर्सिज के परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। अब तक 80 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी 17 यूजी/पीजी कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा दे चुके हैं। कुवि के नए सत्र से शुरू हो रहे कोर्सेज के लिए 11 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है जबकि 23 कोर्सिज में परीक्षार्थियों को केयू प्रशासन ने मेरिट के आधार पर प्रवेश दिलाने का निर्णय लिया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि कुवि द्वारा ली जा रही प्रवेश परीक्षा में शुक्रवार को मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एम.एस. डब्ल्यू), एम.ए. मनोविज्ञान व एम.ए लोक प्रशासन की परीक्षा संचालित की गई। विधि संस्थान में संपन्न हुई मास्टर ऑफ सोशल वर्क की परीक्षा में 72 में से 57 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि सामुदायिक केन्द्र में ली गई एम.ए. मनोविज्ञान की परीक्षा में 80 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### नवोदित बने सरस्वती सेवा समिति के सदस्य

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के युवा पत्रकार नवोदित को हरियाणा सरकार द्वारा गठित हरियाणा सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड की सरस्वती सेवा समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। नवोदित पिछले 4 वर्षों से पत्रकारिता जगत से जुड़े होने के साथ-साथ प्रमुख समाजसेवी है। उनकी समाज सेवा की भावना को देखते हुए हरियाणा सरकार ने सरस्वती सेवा समिति का सदस्य बनाया है। उल्लेखनीय है कि इस बोर्ड के चेयरमैन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा वाइस चेयरमैन धूम्मन सिंह किरमिच है। नवोदित ने अपनी नियुक्ति पर हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं सरस्वती हेरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन नायब सिंह सैनी तथा बोर्ड वाइस चेयरमैन धूम्मन सिंह किरमिच का आभार व्यक्त किया।



## समागम पर 7,66,220 रुपये हुए खर्च संगत ने दिया पूरा सहयोग : झींडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- काला दिवस कार्यक्रम पर गुरु घर की गोलक का नहीं हुआ एक भी पैसा खर्च



जगदीश सिंह झींडा

एमरजैंसी की 50वीं वर्षगांठ पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आडोटोरियम में करवाए गए काला दिवस कार्यक्रम पर गुरु घर की गोलक का एक भी पैसा खर्च न कर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने इतिहास रच दिया है। हरियाणा कमेटी द्वारा करवाए गए इस कार्यक्रम में प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा का प्रयास रंग लाया और समागम में हुआ सारा खर्च संगत ने सहयोग स्वरूप किया है। इस बाबत जानकारी संस्था के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने बताया कि समागम में करीब दो हजार संगत शामिल थी, जिसके लिए लंगर का प्रबंध करने पर 4 लाख 15 हजार रुपये खर्च हुए, जबकि स्मृति चिह्न 1 लाख 50 हजार रुपये से तैयार करवाए गए। इसके साथ ही बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की फोटो पर 9 हजार रुपये, शॉल पर 11 हजार रुपये, फलैक्स पर 12820 रुपये, पार्टीशन (टैंट खर्च) 10 हजार रुपये, आडोटोरियम किराया 1 लाख 50 हजार रुपये, कूलर किराया 1400 रुपये, कार्यक्रम लाईव करवाने पर 7 हजार रुपये खर्च हुए। इस तरह कार्यक्रम पर कुल खर्च 7 लाख 66 हजार 220 रुपये हुआ, जो कि संगत ने सहयोग स्वरूप किया है। जत्थेदार झींडा ने बताया कि उन्होंने संगत से इस कार्यक्रम में सहयोग की अपील की थी, जिसमें संगत ने भरपूर साथ दिया है।

## नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम ने वार्ड 32 में जांचा दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य

- कैंप के दौरान 29 लोगों को दवा देने के साथ कई मरीजों के लैब टेस्ट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

लोगों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिंदल की ओर से चलाई गई मेडिकल वैन शुक्रवार को वार्ड 32 शोरगिर बस्ती में पहुंची। इन यहां डॉ. पूर्ण मल के नेतृत्व में टीम ने लोगों का चेकअप करने के बाद उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गई। कैंप के दौरान 29 लोगों को दवा देने के साथ कई मरीजों के लैब टेस्ट किए गए। यशस्वी योजना से संबंधित 4 कई आवेदन शिविर में पहुंचे। जबकि अन्य सरकारी योजनाओं के 22 लाभार्थियों की समस्या का समाधान किया गया।सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लेकर चल रहे हैं। उसमें सांसद नवीन जिंदल ने 2035 तक लक्ष्य प्राप्ति का जिम्मा उठाया है। सांसद नवीन जिंदल का प्रयास है कि 2035 तक कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, विकास एवं रोजगार में अव्वल रहकर प्रधानमंत्री मोदी के विजन में सहयोगी बने। इसी के चलते उनके द्वारा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई गई हैं। इस अवसर पर पार्षद सुधीर चुग, राजकुमार छाबड़ा, विशाल कक्कड़, संतलाल प्रधान, हरिकृष्ण, सतपाल आदि रहे।

## स्कूलों में सुविधाओं के साथ बच्चों के लिए कुछ अलग करने की जरूरत : राज्यपाल

- गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुई आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा की महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद आर्य प्रतिनिधि सभा के सदस्य।

आर्य प्रतिनिधि सभा के अंतर्गत चलने वाले शिक्षण संस्थानों की मैनेजमेंट की एक विशेष बैठक आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुई जिसमें कई अहम फैसले लिये गये। बैठक का शुभारंभ गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के आभासी रूप से दिए गए उद्बोधन से हुआ। उन्होंने संस्थाओं को अपना पुराना गौरव प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चरित्र ईमानदारी और पारदर्शिता को अपनी संस्थाओं की पहचान बनाएं। बैठक को सम्बोधित करते हुए सभा के अंतरंग सदस्य डा. राजेन्द्र विद्यालंकार ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का दौर है, अभिभावक अपनो बच्चों को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना चाहते है, ऐसे में हमें स्कूलों में सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ-साथ विद्यार्थियों हेतु कुछ अलग करने की जरूरत है। पुरानी बिल्डिंग की जगह नई इमारत, प्रयोगशालाएं हों, कंप्यूटर शिक्षा को बढ़ावा मिले। बैठक में एक निगरानी कमेटी का भी गठन किया गया।बैठक में आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान देशबंधु आर्य, सभा के अंतरंग सदस्य डॉ राजेंद्र विद्यालंकार, रणदीप आर्य, गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रधान राजकुमार गर्ग आदि मौजूद रहे।




### ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर ने आश्वासन के बाद धरना किया स्थगित

**पिहोवा।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन का 8 दिनों से चल रहा धरना उपमंडल अधिकारी शहरी के खिलाफ जो गेट मीटिंग चल रही थी आज उपमंडल अधिकारी ने बातचीत के लिए यूनियन प्रतिनिधि मंडल को बुलाया और धरने को स्थगित करने के लिए बोला। यूनिट सचिव गुरुचरण संधू ने कहा कि कल हमारी मीटिंग एस ई ऑपरेशन कुरुक्षेत्र , कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन पिहोवा के साथ हुई जिसमें यूनिट सचिव गुरचरण संधू और सर्कल सचिव श्यामलाल उपस्थित थे हमने सभी मांगों के बारे में अधिकारियों को अवगत करवाया अधिकारियों ने मांगों का समाधान करने के लिए आश्वासन दिया था सुबह जब धरना स्थल पर सभी कर्मचारी इकट्ठे हुए तो उपमंडल अधिकारी ने यूनियन प्रतिनिधि मंडल को बातचीत के लिए बुलाया बहुत अच्छे ढंग से बातचीत एक-एक मांग पर हुई। उपमंडल अधिकारी शहरी ने कुछ मांगों का मौके पर ही समाधान किया और अन्य मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया।




### आईसीएआई की कुरुक्षेत्र शाखा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस

**कुरुक्षेत्र।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट आफ इंडिया की कुरुक्षेत्र ब्रांच द्वारा 27 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका संचालन कुरूक्षेत्र शाखा के प्रबंधक कमेटी के वाइस-चेयरमैन सीए अंकुश गर्ग व सेक्रेटरी सीए अजय मोंगा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में एमएसएमई पर आधारित एक सेमिनार भी आयोजित किया गया जिसमें मुख्य स्पीकर सीए गुरदयाल सिंह ने प्रतिभागियों को पीपीटी द्वारा विस्तारित रूप से एमएसएमई थीम पर अपनी प्रस्तुति देकर लाभान्वित किया। सेमिनार में पंजाब नेशनल बैंक के सर्किल हेड श्री हरि ओम जी ने बतौर मुख्य-अतिथि शिरकत की व डिप्टी-डायरेक्टर श्री दिनेश कुमार जी ने भी डीआईसी, जिला एमएसएमई सेंटर, कुरूक्षेत्र की तरफ से शिरकत की। कुरूक्षेत्र ब्रांच आईसीएआई के वाइस-चेयरमैन सीए अंकुश गर्ग ने सभी अतिथियों व स्पीकर को धन्यवाद किया व संस्थान का स्मृति-चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। इस मौके पर कुरूक्षेत्र शाखा के पदाधिकारी सीए नीरज कुमार बत्तान व सीए दीपक कुमार सहित जिले के गणमान्य सीए और पंजाब नेशनल बैंक कुरूक्षेत्र के भी सीनियर अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस पर 57 ने किया रक्तदान

# नशे को कहें ना और रक्तदान के लिए हां : अशोक वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। रक्तदाता को सम्मानित करते आयोजक।

भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस पर सेक्टर 5 शिव मंदिर कुरुक्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय कुरुक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक विनीत कुमार मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे। शिविर की अध्यक्षता मुख्य प्रबंधक गरिमा रानी, मानव संसाधन प्रबंधक ईशाणी और उप प्रबंधक पंकज शर्मा ने की जबकि विकास श्योकंद ने विशेष सहयोग किया। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा शिविर संयोजक ने कार्यक्रम का व्यवस्थित संचालन किया। मुख्यातिथि क्षेत्रीय प्रबंधक विनीत कुमार ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान बहुत ही पुण्य का कार्य है और यह शिविर भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस पर आयोजित किया गया है। उन्होंने रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रयास फाउंडेशन कुरुक्षेत्र के प्रधान नरेश सैनी, मानव मित्र मंडल के प्रधान भारतेन्दु हरीश, रोटी बैंक के महासचिव कर्म चंद, रोटी बैंक के अंकेक्षक डॉ. एम एम सिंह और प्रेरणा समिति हरियाणा के जिला सचिव प्रशांत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में पंकज शर्मा, राय सिंह, जतिंद्र सिंह, साहिल गर्ग, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, संदीप मेहरा, विशाल शर्मा, विक्रम सिंह, अंकुश रोहिल्ला, कृति, विवेक, वीरेंदर कुमार, नीरज, हेमंत, बसंत, कुलदीप, अनुज शर्मा सहित 57 ने रक्तदान किया। यह रक्त लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के रक्त कोष द्वारा संगृहीत किया। शिविर के साथ ही हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो एवं प्रयास फाउंडेशन द्वारा नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। प्रयास के प्रधान नरेश सैनी ने नशे के दुष्परिणाम गिनवाए और नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया।

### कॉल या पोर्टल पर नशे के खिलाफ दें गुप्त सूचनाएं

*ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देशों, पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध एक युद्ध आरम्भ हो चुका है जिसका लक्ष्य हरियाणा को नशा मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि युवा नशे से दूर रहने और नशे की सुई न लगाएं अपितु रक्तदान की सुई से लोगों का जीवन बचाएं। उन्होंने कहा कि 1933 अथवा 9050891508 अथवा एनसीबी मानस पोर्टल पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।*

**खबर संक्षेप**

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज ई-रिक्शा बैटरी चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी कुलविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। गीता नगरीके दविंद्र कुमार ने 24 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 दिसंबर 2024 को गीता नगरी से आरोपी ने उसकी ई-रिक्शा की बैटरी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकुश उर्फ धुर्मी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। गणेश विहार के सौरभ ने 5 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके घर से इन्वर्टर बैटरी, एलईडी, नकद राशि व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था और अब पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लिया है।

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज नशा तस्करी के मामले में एंटी नारकोटिक सैल आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान महिला ने बताया था कि आरोपी रजत भी इस मामले में संलिप्त है। अब पुलिस ने रजत को भी गिरफ्तार किया है। 23 जून 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी महिला मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करती है। सूचना उपरांत पुलिस ने आरोपी को डीआरएम रोड के पास नाकाबंदी के दौरान काबू किया था। उससे 24 ग्राम हेरोइन बरामद की थी।

### एक्टिवा चोरी के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज एक्टिवा चोरी के मामले में पुलिस ने लगभग 4 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी रोहित को गिरफ्तार किया है। मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी ने बताया था कि आरोपी रोहित भी इस मामले में शामिल है। कीर्ति नगरके भूपिंद्र सिंह ने 8 अप्रैल 2021 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसकी एक्टिवा चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के बाद अब आरोपी को काबू किया गया है।

### मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्की को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपी कर्णवीर, हरप्रीत सिंह, निर्भय, मन्नी व अनुराग को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सौंडा के जसराज सिंह ने 19 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कबाड़ी बाजार में आरोपी विक्की व अन्य ने उससे मारपीट करके चोट पहुंचाई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था और अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## पूर्व मंत्री बोले, विरोधियों को विकास से हो रही तकलीफ,जनता को मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया। इस दौरान भारी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को फोन कर आमजन को राहत प्रदान करने के अदेशदि। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए गोयल ने कहा कि सरकार के प्रति लोगों का विश्वास काफी बढ़ा है। ऐसे में सीएम ने सभी जन प्रतिनिधियों को जनसुनवाई के निर्देश दिए हैं। ताकि जनता को अधिक से अधिक राहत मिल सके। उसी के तहत लोगों के कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि लोग अलग अलग विभागों से संबंधित कार्य लेकर आये थेजिन्हें करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। पत्रकारों द्वारा कांग्रेसी नेताओं की बयानबाजी को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए असीम गोयल ने कांग्रेस को खूब लपेटा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश को परिवारवाद,भाई भतीजावाद, भ्रष्टाचार, क्षेत्रवाद और यहां तक कि हुड्डा साहब ने तो कृपावाद शब्द भी ईजाद कर दिया था। कांग्रेस काल में इन्हीं चीजों के नाते सरकार चलती थी। कांग्रेस की गुटबाजी चौक चौराहों पर चर्चा का विषय बन चुकी है। इनके ऑब्जर्वर तक गुटबाजी को लेकर कह चुके हैं कि ऐसी स्थिति उन्होंने कहीं नहीं देखी। कांग्रेस पार्टी में जूतों में दाल बंट रही है। उन्होंने कहा कि

बरसाती सीज़न की शुरुआत हो चुकी है। बीते रोज ही डीसी ने पूरे प्रशासनिक अमले के साथ शहर का दौरा कर व्यवस्था का जायजा लिया है। इस बार शहर को बाढ़ से नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। असीम गोयल ने बताया कि जलभराव जैसी सदियों पुरानी समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए आईआईटी के साथ योजना तैयार की जा रही। जिसपर कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

### अपने आवास पर जनता की समस्याएं सुनकर समाधान के दिए आदेश

#### विरोधियों को हो रही विकास से तकलीफ

गोयल ने कहा कि अंबाला शहर में आए दिन हो रहे विकास कार्यों के शिलान्यास और उद्घाटन मौजूदा विधायक निर्मल सिंह को रास नहीं आ रहे। समय समय पर उद्घाटन न कर पाने का निर्मल सिंह का दर्द छलकता रहता है। असीम गोयल ने कहा कि सरकार हमारी है। ये जो विकास कार्य हो रहे हैं वो सभी उन्होंने मंत्री पद पर रहते हुए पास करवाए थे। नायब राज में अंबाला में तेजी से काम हो रहे हैं। लेकिन विपक्षी काम सराहने की बजाय कोसने का काम कर रहे हैं। काम में रोड़ा अटकाने का प्रयास कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि विरोधियों को जो तकलीफ हो रही है वो जनता को मिल रही राहत से बहुत छोटी है। विकास कार्य जनता को राहत दे रहे हैं।



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

### रोषित लोगों ने सड़क पर लगाया जाम

# नाले को दबंगों ने किया बंद गंदा पानी दलित बस्ती में घुसा

पुलिस के हस्तक्षेप से समस्या का हुआ समाधान, दबंगों पर जेसीबी चालक को भी पीटने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

मोहड़ा में नाले को कुछ दबंगों ने बंद करा दिया। इससे मोहड़ी की दलित बस्ती में लोगों के घरों में दो से तीन फुट तक पानी भर गया। लोगों ने जब नाले को खुलवाने के लिए जेसीबी बुलाई तो रसूखदारों ने जेसीबी के चालक से अभद्रता की। ग्राम सचिव सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस दौरान जेसीबी चालक से मारपीट की गई और उसके कपड़े भी फाड़ दिए गए। इसके बाद उसे भागकर जान बचानी पड़ी। इस पर माजरी गांव के लोग भड़क गए और ग्रामीणों ने शुक्रवार शाम मोहड़ा से कोच कछवा सहित दुराना गांव जाने वाली मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। सड़क जाम की सूचना पर भारी मात्रा में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारी को समस्या बताई। इसके बाद पुलिस ने जेसीबी बुलाकर नाले को खुलवाया। इसके बाद लोग शांत हुए। इस मामले को लेकर पड़ाव थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सड़क जाम की सूचना मिली थी। यहां विवाद न बढ़े इसके लिए पुलिस तैनात की गई है। वहीं नाले को खुलवाया जा रहा है।

दो इस समस्या को लेकर दो दिन पहले माजरी गांव के लोगों ने उपायुक्त और सरपंच जगजीत सिंह को जानकारी दी थी। इसके साथ ही समस्या के समधान की गुहार लगाई थी। दो दिन बीतने के बाद भी जब समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने खुद ही नाला खुलवाने का प्रयास किया। गांव माजरी की रविदास बस्ती में हाल ही में गंदे पानी की सप्लाई से 300 से अधिक लोग डायरिया व पेट की बीमारियों से ग्रसित हो गए थे। इसके बाद यहां पाइप लाइन बदलवाई गई थी। रोषित लोगों ने बताया कि कुछ रसूखदार परिवारों की जमीन उनके गांव के पास लगती है। उनके खेतों में पानी न जाए इसके लिए उन्होंने मिट्टी डालकर नाला पूरी तरह से बंद करावा दिया। इस कारण से लगभग 100 घरों में पानी घुस गया। रविदास बस्ती की तरफ जाने वाली सड़क भी पूरी तरह से बंद हो गई। लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। इसके बाद परेशान लोगों ने प्रदर्शन किया। गौरव, निखिल, सुजान व मलकियत ने बताया कि पहले तो बारिश के कारण सिर्फ गली में ही जलभराव होता था। लेकिन अब नाला बंद करने के कारण गंदा पानी हमारे घरों में भी घुस गया है। इसलिए वह न तो काम पर जा पा रहे हैं और न ही घरेलू काम कर पा रहे हैं। जब प्रशासन ने उनकी नहीं सुनी तो घरों में पानी का स्तर बढ़ने लगा तो उन्होंने मजबूरन जाम लगाना ही उचित समझा।

### जलभराव की समस्या पर भड़के समाजसेवी, बोले समस्या की गंभीरता पर अफसर संवेदनहीन

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा



समाजसेवी डॉ कुलदीप शर्मा।

समाजसेवी डॉ. कुलदीप शर्मा ने नगर प्रशासन और रेलवे विभाग को खरी खरी सुनाई। उन्होंने मीडिया को दिए बयान में कहा कि जनता वर्षों से जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रही है, परंतु समाधान के नाम पर अब तक सिर्फ उसे आश्वासन ही मिलते रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। डॉ. शर्मा ने बताया कि हल्की बारिश होते ही शहर की गलियाँ और खासकर रेलवे स्टेशन के समीप बना अंडरपास जलमग्न हो जाता है, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब से यह अंडरपास बना है। हर मानसून में यहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है लेकिन न तो नगर पालिका और न ही रेलवे विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेते हैं।शर्मा ने बताया कि अंडरपास की दीवारों से लगातार पानी रिसता रहता है, जिससे यहां हमेशा पानी भरा रहता है। इन दीवारों की मरम्मत तक काफी समय से नहीं करवाई गई, जिससे लगता है कि संबंधित विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से वे खुद अपने स्तर पर पानी की निकासी का प्रबंध कर रहे हैं। कई बार तो वह रात को भी जलभराव वाले क्षेत्रों में पहुंचकर राहत कार्य करते हैं, जबकि यह कार्य प्रशासन और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।



नारायणगढ़। चुनी गई कार्यकारिणी के साथ इनेलो नेता व कार्यकर्ता।

### हलका अध्यक्ष लक्की नगोली, जिलाध्यक्ष ने हलके की कार्यकारिणी का किया विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारायणगढ़

इनेलो पार्टी संगठन का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष जगमाल सिंह रोलौं ने पार्टी हाईकमान से विचार-विमर्श करने के पश्चात हल्का नारायणगढ़ की कार्यकारिणी की घोषणा की।

जगमाल सिंह ने बताया कि लक्की नगोली को हल्का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष इकबाल रछेड़ी, उपाध्यक्ष सतविंदर सिंह पंजेटों, सीमा रानी, राजेश, फगगू राम, पलविंद्र सिंह, रोहित, जसपाल, किरण पाल,शेर सिंह, प्रधान महासचिव राजेश कुमार, महासचिव हरदीप बतौरा, निर्मल सिंह, सुखबीर सिंह, सतीश कुमार,मजिंद्र सिंह भंगू, बलजिंदर सिंह, सलीम संगठन सचिव विजय सिंह सचिव अनिल कुमार, संपत्त सिंह, हरदीप गौपी, कुलविंद्र सिंह, निर्मल सिंह, अश्विनी, विकास, गया राम,शक्ति, राहुल, प्रवीन कोषाध्यक्ष भगत सिंह, मिडिया प्रभारी पीयुष शर्मा, कार्यालय सचिव संदीप कुमार को नियुक्त किया गया है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तेजपाल शर्मा पतरेहड़ी, महिला नेत्री रजनी साहनी, बीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष भूप सिंह गुर्जर, गोल्डी मान , तारा रछेड़ी, अकरम खान, मौसीम खान, रामपाल राऊमाजरा, गुरदयाल पंजलासा, गुरदीप शाहपुर, समृत बरौली, विक्की, सुमित नगोली, शुभम मिरपुर, स्वर्णजीत बतौरा,गोरव बतौरा, समंदर बतौरा, परमजीत मान, बलविंदर फौजी, रजत खटकड़ सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### योग प्रतियोगिता में आहिल को मिला प्रथम स्थान, स्कूल का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

डीएवी पब्लिक स्कूलके कक्षा 5 के प्रतिभाशाली छात्र आहिल खान ने योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता एक श्रेणीबद्ध श्रृंखला थी जिसमें पहले फर्स्ट राउंड, फिर दूसरे राउंड के बाद फाइनल राउंड में आहिल ने अपनी योग प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थी खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। आहिल की इस उपलब्धि के पीछे उसकी निरंतर श्रद्धा, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम है। योग के प्रति उसका समर्पण और नियमित अभ्यास ही उसकी सफलता का मूल आधार बना। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने छात्र की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आहिल पढ़ाई के साथ-साथ योग अभ्यास के लिए नियमित रूप से समय निकालता है।



बराड़ा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाला स्टूडेंट्स।

## प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में पांच को होगी पीटीएम

- गृहकार्य को लेकर परिजनों से होगा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

प्रदेश के सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में 5 जुलाई को अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक बाल वाटिका-3 से लेकर कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है जिसमें ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों द्वारा किए गए रचनात्मक गृहकार्य पर चर्चा की जाएगी। इस बारे में विभाग की ओर से जारी आदेशानुसार विद्यार्थियों को ग्रीष्मकाल के दौरान निपुण हरियाणा और एनसीएफएफसी पर आधारित अनुभवात्मक व गतिविधि-आधारित गृहकार्य करने को दिया गया था, जिसका उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, स्वायत्तता और जिज्ञासा को बढ़ावा देना है। इसके अलावा अभिभावकों की शिक्षा में भागीदारी सुनिश्चित करना था। इस गृहकार्य बच्चों ने अपने परिवार के बड़े सदस्यों की मदद से पूरा किया है। अब बच्चों के माता-पिता की उपस्थिति में इस गृहकार्य का आंकलन किया जाएगा।

### पीटीएम के दौरान यह कार्य होंगे

इस बैठक के दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति में उनके अभिभावकों के साथ गृहकार्य पर चर्चा की जाएगी। इस दिन विद्यालयों में कोई भी शैक्षणिक गतिविधि आयोजित नहीं होगी। इस पीटीएम में अभिभावकों के साथ संवाद व अन्य कई रोचक गतिविधियां करवाई जाएगी। पीटीएम से पहले आभिभावको को बच्चों के गृहकार्य का मूल्यांकन करने के लिए आकलन शीट दी जायेगी, जिसे 4 जुलाई तक स्कूल में जमा करवाना होगा।बैठक की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी लोगों की जिम्मेदारी तय की गयी है। सभी कलस्टर मुखिया, बीआरपी और एबीआरसी इस दौरान एक-एक स्कूल का निरीक्षण करेंगे और मॉनिटरिंग रिपोर्ट संबंधित गूगल फॉर्म के माध्यम से भरेंगे। विद्यालय मुखियाओं को 5 जुलाई को पीटीएम के आयोजित होने के बाद गूगल फॉर्म भरना अनिवार्य होगा और साथ ही क्लस्टर मुखिया को विस्तृत रिपोर्ट भेजनी होगी। सभी शिक्षक आकलन शीट को अभिभावकों तक नोटबुक या व्हाट्सएप के माध्यम से भेजकर गृहकार्य की मूल्यांकन विधि को समझाएंगे।

### निदेशालय से मिला पत्र

निदेशालय की ओर से जारी किया गया पत्र मिल चुका है। इसे सभी खंडों के शिक्षा अधिकारियों को भेजकर सभी स्कूलों में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार पीटीएम के सफल आयोजन करवाने को कहा गया है। इसके इलावा क्लस्टर मुखियाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में इस बैठक के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने व मोनिटरिंग के लिए भी निर्देशत किया गया है।

-सुधीर कालड़ा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी

### साधक को परमात्मा के अहोभाव में ही जीना चाहिए

**कुरुक्षेत्र।** समर्थगुरु धाम संस्थान मुरथल हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी की विशेष कृपा से समर्थगुरू संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ.सुरेश मिश्रा ने कथा व्यास आचार्य भूपेन्द्र भारद्वाज जी से सनातन धर्म की चर्चा की। श्रीसनातन धर्म मन्दिर, कसौली की ओर से वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में शिव पुराण कथा रविवार 15 जून से 26 जून 2025 तक हुई। नगर कीर्तन एवं शोभा यात्रा और भंडारे से प्रारंभ हुआ। श्रीसनातन धर्म मन्दिर कसौली के पुजारी देवेन्द्र नौटियाल ने वैदिक मंत्रों से पूजा अर्चना करवाई। डॉ. मिश्रा ने समर्थगुरु द्वारा रचित गोरख गीता कथा व्यास आचार्य भूपेन्द्र भारद्वाज को भेंट की और ध्यान योग कार्यक्रम की जानकारी दी। यहाँ अध्यात्म और संस्कृति, योग और विज्ञान, ध्यान और धनार्जन, समाधि और प्रज्ञा, ज्ञान और भक्ति सभी आयामों की शिक्षा दी जाती है। समर्थगुरु द्वारा निर्मित ध्यान योग में ध्यान और ओंकार का अनुभव प्राप्त करें। तनाव, दुःख उत्तेजना और मायावी मन से मुक्त होकर आत्मिक आनन्द और उमंग भरी जिन्दगी जियें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### डीसी अजय सिंह तोमर ने रक्तदाताओं को किया प्रोत्साहित

# दूसरों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान अवश्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा पुण्य दान हैं। स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही संभव हैं।

उपायुक्त शुक्रवार को भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे। इससे पहले यहां पहुंचने पर परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि को अंगवस्त्र व पर्यावरण का प्रतिक पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उपायुक्त ने स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर एसीयूटी राहुल कंवरिया, उपमहापौर मीना ढींगरा, प्रदीप गुप्ता, चमन लाल गुप्ता, सुंदर ढींगरा मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि डॉ. सूरज प्रकाश ने जो पौधा लगाया था वह अब वट वृक्ष बन गया है। यह संस्था समाज कल्याण के लिए निरन्तरता में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान हैं। रक्तदान करके हम दुर्घटना में घायल अमूल्य जिंदगियों को बचा सकते हैं। इस लिए एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। यह भ्रांति बिल्कुल गलत हैं। रक्त की पूर्ति 24 घंटे में हो जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से मन को काफी शांति मिलती हैं और दूसरों को रक्तदान करने के यह भावना प्रबल होती हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने भी 2003 में पहली बार रक्तदान किया था और अब तक वह 12 बार रक्तदान कर चूके हैंइस मौके पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष चमनलाल अग्रवाल ने मुख्यअतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा, समाज सेवा कल्याण के लिए पिछले कई वर्षों से कार्यरत हैं। यह संस्था पांच सूत्रों सेवा, संपर्क, संस्कार, समर्पण के ध्येय के साथ कार्य कर रही हैं। वर्ष में 2 या 3 बार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता हैं। शिविर का आयोजन करके 101 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया हैं। इस संस्था की अंबाला शहर में 5 शाखाएं है तथा करीब 500 सदस्य हैं। मौके पर संस्था के सचिव अंकुर गोयल, अमरदीप सिंगला, कोषाध्यक्ष अमित चानना, संजीव, राकेश मक्कड़, मिनी गोयल, मंजू अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, चमन लाल गुप्ता, विनोद वैश्य, मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे। भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा ने डॉ. सूरज प्रकाश के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केवल कृष्ण मिगलानी गौशाला शहर में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर उन्होंने 300 से अधिक पौधे भी वितरित किए। संस्था द्वारा संदेश दिया गया कि जहां हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने है वहीं उनका संरक्षण भी करना है।



अंबाला। रक्तदाताओं को सम्मानित करते डीसी अजय सिंह तोमर।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नरेश मित्तल, सतीश जिंदल, राजेश वर्मा, अमरदीप सिंगला, संजय गोयल, डॉ. नरेंद्र गुप्ता, डॉ. सौरभ गुप्ता भी मौजूद रहे।